

दिसम्बर-2018

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर
## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

*अन्दर के पृष्ठों पर...*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस कार्यक्रम

दिनांक 23 नवम्बर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को ध्वज प्रदान किया गया था। इसी दिन पीएसी को भी ध्वज प्रदान किया गया था। यह गौरव का विषय है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश ही ऐसा प्रथम राज्य है जिसके नागरिक पुलिस एवं पीएसी बल को भारत के प्रधानमंत्री द्वारा ध्वज प्रदान किये गये है। इस अवसर पर पुलिस ध्वज को ध्वज स्तम्भ के निकट ससम्मान लाया गया। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पुलिस ध्वज का अभिवादन किया गया एवं बैण्ड द्वारा 'भारत के जवान' धुन बजायी गयी।

झण्डा दिवस पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. राज्यपाल, उ.प्र., श्री राम नाईक एवं मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. योगी श्री आदित्यनाथ को पुलिस झण्डा लगाया व कार्मिकों को संदेश दिया।







- दिनांक 16.11.2018 : मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. के पुलिस लाइन्स, लखनऊ के औचक निरीक्षण के क्रम में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व प्रमुख सचिव (गृह) इत्यादि ने निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया।




- दिनांक 10.11.2018 : मध्य प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2018 के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. पुलिस महानिदेशक, म.प्र. एवं उ.प्र. तथा म.प्र. के पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक झाँसी में सम्पन्न हुई।



- दिनांक 05.11.2018 : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2018 के सम्बन्ध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग में मुख्य सचिव, उ.प्र., प्रमुख सचिव, गृह, उ.प्र. व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रतिभाग किया।



- दिनांक 01.11.2018 : दक्षिण कोरिया गणराज्य की प्रथम महिला श्रीमती किम जंग सूक के मुख्य आतिथ्य में अयोध्या में दिनांक 06.11.2018 के दीपोत्सव कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था समीक्षा हेतु मुख्य सचिव,उ.प्र. व पुलिस महानिदेशक,उ.प्र. ने स्थलीय भ्रमण किया।



- दिनांक 02.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने गाज़ियाबाद में नवनिर्मित विधि विज्ञान प्रयोगशाला के बहुखण्डी भवन का उद्घाटन किया जिसमें डीएनए लैब, साइबर फॉरेन्सिक लैब, सिरोलॉजी, बायोलॉजी, फिजिक्स, डाक्यूमेन्ट्स, क्राइम सीन मैनेजमेण्ट एवं बैलेस्टिक्स आदि अनुभागों की भी स्थापना प्रस्तावित है।



## जन कल्याण सेवाएँ

### लखनऊ महोत्सव-2018 द्वारा जन कल्याण

- दिनांक 25.11.2018 से 05.12.2018 तक आयोजित लखनऊ महोत्सव में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के निर्देशन में उ.प्र. पुलिस की 1090–वीमेन पावर लाइन, ए.टी.एस., एस.टी.एफ., ट्विटर सेवा, ऑन लाइन जनसेवायें, यूपी–100, एस.डी.आर.एफ., पी.ए.सी. एवं जनपदीय पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों, नये प्रयोगों तथा आमजन के लिए लाभकारी कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।
- दिनांक 23.11.2018 : स्वर्गीय श्री ए.के. दास, पूर्व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की स्मृति में उनके जन्म दिवस (23 नवम्बर) पर पुलिस आरक्षियों के इण्टरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 03 मेधावियों (प्रत्येक) को रु. दस हजार का पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रदान किया।



- दिनांक 15.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने यूपी 100 तथा जी.आर.पी. की आपात सेवाओं के एकीकरण का शुभारम्भ किया। देश की इस अनूठी सेवा से उ.प्र. में रेल यात्री स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म तथा चलती ट्रेनों से 100 नम्बर मिलाकर पुलिस, अग्निशमन तथा चिकित्सा सहायता ले सकेंगे। यात्री सोशल मीडिया, वेबसाईट, एम.एम.एस. व एप से भी सम्पर्क कर सकेंगे। रेल सम्बन्धी 169 प्रकार की घटनाओं की एस.ओ.पी. भी तैयार की गयी है।



- दिनांक 12.11.2018 : बी.बी.सी. (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन) के बी.बी.सी. वर्ल्ड न्यूज़ चैनल द्वारा उ.प्र. पुलिस डिज़िटल वालेण्टियर योजना के माध्यम से Fake News पर रोक लगाये जाने के तौर–तरीकों पर विचार करने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 'Beyond Fake News' कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्भाषण किया।




- दिनांक 03.11.2018 : मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के न्यायाधीश, श्री विक्रम नाथ के मुख्य आतिथ्य में वीमेन पावर लाईन 1090 एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित National Stakeholder's Conference on Cyberbullying of Women सम्पन्न हुई। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने महिलाओं से सम्बन्धित साइबर अपराधों से बचाव हेतु सजगता पर बल दिया। एडीजी 1090 श्रीमती अंजू गुप्ता, एसपी, औरैया, श्री त्रिवेणी सिंह एवं फेसबुक, इन्स्टाग्राम, गूगल के विशेषज्ञों सहित अन्य ने विचार व्यक्त किये।



## उपलब्धि

### पुलिस संचार के क्षेत्र में प्रयोगों हेतु प्रशंसा चिन्ह

- दिनांक 19.11.2018 से 20.11.2018 तक "पुलिस संचार सेवाओं का आधुनिकीकरण तथा चुनौतियाँ" विषय पर समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार), नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय पुलिस संचार सेवाओं के प्रमुखों की सम्पन्न कॉन्फ्रेंस में उ.प्र. पुलिस को पुलिस संचार के क्षेत्र में नये विचारों तथा नये समाधानों का प्रयोग करने हेतु प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया गया जिसे श्री पी.के. तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को सौंपा।



## सराहनीय कार्य

- दिनांक 30.11.2018 : बरेली में मोबाइल टावरों/बिजली ट्रान्सफार्मरों से चोरी करने वाले 13 अभियुक्त गिरफ्तार।
- भ्रष्टाचार निवारण संगठन : दिनांक 29.11.2018 को लखनऊ में कनिष्ठ सहायक, विद्युत सुरक्षा निदेशालय, उ.प्र. रु. 60,000.00 रिश्वत लेते हुए तथा दिनांक 28.11.2018 को वाराणसी में वक्फ निरीक्षक रु. 50,000.00 एवं मुरादाबाद में सम्पत्ति प्रबन्धक, उ.प्र. आवास विकास परिषद रु. 20,000.00 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार।
- दिनांक 29.11.2018 : शामली से रु. 65 लाख की रैक्टीफाइट स्प्रिट बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार। कानपुर नगर से 10 अन्तर्राज्यीय ठग रु. 10,69,700.00 व सामान सहित गिरफ्तार।
- दिनांक 28.11.2018 : लैपटाप/कम्प्यूटर वायरस को ठीक करने के नाम पर देश–विदेश के लोगों से धोखाधड़ी कर साइबर क्राइम कर रूपये हड़पने वाले गिरोह के 23 सदस्य गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार।
- दिनांक 27.11.2018 : दिनांक 19.11.2018 को अम्बेडकरनगर के आभूषण व्यवसायी की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर 13 कि.ग्रा. चाँदी के जेवरात लूट लिये। दिनांक 27.11.2018 को हत्या/लूट में शामिल 04 अभियुक्त मय हथियार एवं लूटे जेवरात के साथ गिरफ्तार।
- दिनांक 26.11.2018 : आगरा से हिमालया कम्पनी का रु. 30 लाख का चोरी माल सहित अभियुक्त; आगरा से 01 कि.ग्रा. चाँदी के जेवरात व रु. 50,000.00 के 04 लुटेरे; सहारनपुर से जाली करेन्सी के 04 कारोबारी रु. 3,44,300.00 जाली करेन्सी व प्रिन्टर इत्यादि के साथ तथा रु. 1,77,84,000.00 की अवैध शराब के साथ अभियुक्त कानपुर देहात से गिरफ्तार।
- दिनांक 25.11.2018 : अयोध्या में प्रस्तावित कार्यक्रमों हेतु सम्पूर्ण अयोध्या को 09 जोन एवं 17 सेक्टरों में बाँटकर सुरक्षा स्कीम का पालन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था हेतु 01 एडीजी, 01 डीआईजी, 03 एसपी, 10 एएसपी, 21 डीएसपी, 11 निरीक्षक, 160 उपनिरीक्षक, 700 आरक्षी, 48 कम्पनी पीएसी, 02 ए.टी.एस. कमाण्डो टीम, 09 कम्पनी आर.ए.एफ., ड्रोन कैमरा एवं यातायात कर्मी अतिरिक्त रुप से लगाये गये। मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. नियंत्रण कक्ष में 24 घण्टे कानून व्यवस्था पर नजर रखने हेतु 02 एसपी, 02 एएसपी, 01 डीएसपी, 03 निरीक्षक, 03 उपनिरीक्षक एवं 03 आरक्षियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगायी गयी। परिणामस्वरुप दिनांक 25.11.2018 को लगभग 75–80 हजार संख्या के जनसमुदाय तथा 67,888 व्यक्तियों के राम लला दर्शन कार्यक्रम निर्विघ्न सम्पन्न हुए।
- दिनांक 16.11.2018 : सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ द्वारा नगरपालिका परिषद, सीतापुर का अधिशाषी अधिकारी रु. 1,00,000.00 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार।
- दिनांक 15.11.2018 : 2400 जिलेटिन रॉड, 4500 मीटर डेटोनेटिंग फ्यूज व 500 इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर सहित अभियुक्त मिर्जापुर में गिरफ्तार।
- दिनांक 14.11.2018 : दिनांक 24.10.2018 को एटा में एसबीआई शाखा से रु. 04 लाख निकाल कर घर जा रहे व्यक्ति से मोटर साइकिल सवार दो बदमाश रुपयों का थैला छीनकर भाग गये जिन्हें रु. 1.44 लाख, मोटर साईकिल व आग्नेयास्त्र सहित गिरफ्तार किया गया।
- दिनांक 10.11.2018 : बीमा पॉलिसी के नाम पर रु. 1.40 करोड़ की ठगी का आरोपी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार।
- दिनांकः 02.11.2018 : आगरा में व्यापारी का अपहरण व मिल्क चिलर प्लाण्ट व्यवसायी की हत्या करने आये पाँच बदमाश मुठभेड़ के दौरान मय आग्नेयास्त्र गिरफ्तार। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं एडीजी, आगरा ज़ोन ने पुलिस टीम को रु. 01 लाख के पुरस्कार की घोषणा की।

## एस.टी.एफ.

- दिनांक 28.11.2018 : अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थो के 02 तस्कर वाराणसी में 270 कि.ग्रा. गाँजे के साथ गिरफ्तार। लखनऊ में 285 प्रतिबन्धित तोतों के साथ 03 तस्कर गिरफ्तार।
- दिनांक 23.11.2018 : बरेली जंक्शन रेलवे स्टेशन के बाहर से विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि निवारण अधिनियम 1974 के अन्तर्गत सेन्ट्रल इकॉनोमिक इन्टेलीजेन्स ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा वांछित गिरफ्तार।
- दिनांक 21.11.2018 : एटीएम मशीन व कैश वैन लूटने वाले 02 शतिर औरेया से गिरफ्तार।
- दिनांक 18.11.2018 : उ.प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा TET-2018 में साल्वर गैंग का भण्डाफोड़, 06 साल्वर गिरफ्तार व TET-2018 परीक्षा के कूटरचित पेपर को असली बताकर अभ्यर्थियों को एक–एक लाख रूपये में बेचने वाले गिरोह के सदस्य वाराणसी से गिरफ्तार।
- दिनांक 17.11.2018 : बेसिक शिक्षा विभाग, मथुरा में शिक्षक भर्ती में हुई घोर अनियमितताओं में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांक 16.11.2018 : 1,583 कछुओं सहित अन्तर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर लखनऊ से गिरफ्तार।
- दिनांक 02.11.2018 : टी–20 मैच में बेटिंग लगाने वाले गिरोह का सरगना साथियों सहित लखनऊ से, गाँजा के 03 अन्तर्राज्यीय तस्कर आजमगढ़ से व रेलवे भर्ती बोर्ड, ग्रुप–डी की ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में भाड़े के सॉल्वरों को बैठाने वाले गिरोह के सरगना सहित 07 अभियुक्त नोएडा से गिरफ्तार।

# उल्लेखनीय कार्य

## ए.टी.एस.

- दिनांक 03.11.2018 : अमेरिका के मियामी एयरपोर्ट पर कॉल करके एके47 एवं ग्रेनेड से हमला करने की धमकी देने वाले व्यक्ति को आईपी ऐड्रेस के द्वारा खोजने पर जालौन का युवक चिन्हित हुआ जिसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गयी।

## एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रु.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 50,000.00 | 26.11.18 | अमेठी | 01 |
| | 17.11.18 | बाँदा | 01 |
| | 04.11.18 | कुशीनगर | 01 |
| 25,000.00 | 19.11.18 | वाराणसी | 01 |
| | 14.11.18 | रायबरेली | 01 |
| 17,500.00 | 21.11.18 | लखनऊ | 01 |

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रु.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 27.11.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 24.11.18 | गोरखपुर | 02 |
| 50,000.00 | 15.11.18 | वाराणसी | 01 |
| | 14.11.18 | हरदोई | 02 |
| | 13.11.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 12.11.18 | प्रयागराज | 03 |
| | 05.11.18 | वाराणसी | 01 |
| | 02.11.18 | सहारनपुर | 01 |
| | 01.11.18 | गोरखपुर | 01 |
| 25,000.00 | 29.11.18 | रायबरेली | 03 |
| | 29.11.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 27.11.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 26.11.18 | गौतमबुद्धनगर | 02 |
| | 23.11.18 | झाँसी | 01 |
| | 23.11.18 | बरेली | 01 |
| | 22.11.18 | अमेठी | 01 |
| | 22.11.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 21.11.18 | बाँदा | 01 |
| | 21.11.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 19.11.18 | बरेली | 03 |
| | 19.11.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 19.11.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 18.11.18 | मैनपुरी | 01 |
| | 17.11.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 17.11.18 | मथुरा | 02 |
| | 15.11.18 | बाँदा | 02 |
| | 15.11.18 | हरदोई | 03 |
| | 14.11.18 | रामपुर | 01 |
| | 14.11.18 | हरदोई | 01 |
| | 12.11.18 | सम्भल | 01 |
| | 12.11.18 | रामपुर | 01 |
| | 11.11.18 | इटावा | 09 |
| | 11.11.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 10.11.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 09.11.18 | फतेहपुर | 01 |
| | 08.11.18 | अमेठी | 02 |
| | 08.11.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 08.11.18 | रामपुर | 01 |
| | 07.11.18 | सम्भल | 01 |
| | 06.11.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 05.11.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 04.11.18 | हरदोई | 01 |
| | 03.11.18 | हरदोई | 01 |
| | 02.11.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 02.11.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 01.11.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 01.11.18 | हरदोई | 03 |
| | 01.11.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 31.10.18 | वाराणसी | 01 |
| 20,000.00 | 29.11.18 | अलीगढ़ | 02 |
| | 27.11.18 | मथुरा | 01 |
| | 16.11.18 | अलीगढ़ | 03 |
| | 12.11.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 11.11.18 | कौशाम्बी | 01 |
| | 09.11.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 07.11.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 05.11.18 | मथुरा | 01 |
| | 03.11.18 | प्रयागराज | 03 |
| | 01.11.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| 15,000.00 | 25.11.18 | सम्भल | 01 |
| | 25.11.18 | चन्दौली | 01 |
| | 25.11.18 | फतेहपुर | 01 |
| | 24.11.18 | बुलन्दशहर | 03 |
| | 24.11.18 | सोनभद्र | 01 |
| | 22.11.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 22.11.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 20.11.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 20.11.18 | लखनऊ | 01 |
| | 17.11.18 | सम्भल | 01 |
| | 11.11.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 08.11.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 02.11.18 | सहारनपुर | 01 |
| | 02.11.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| 12,000.00 | 18.11.18 | वाराणसी | 01 |
| 10,000.00 | 28.11.18 | मैनपुरी | 01 |
| | 24.11.18 | कानपुर देहात | 01 |
| | 02.11.18 | सम्भल | 01 |
| | 01.11.18 | कौशाम्बी | 01 |
| | 31.10.18 | शामली | 01 |
| 5,000.00 | 15.11.18 | बस्ती | 02 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद बरेली, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अमरोहा, फिरोज़ाबाद, मथुरा, कानपुर नगर, एटा, बुलन्दशहर, शामली, इटावा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, कन्नौज, सम्भल, हाथरस, रामपुर, लखनऊ, सहारनपुर, शाहजहाँपुर, गोण्डा, जौनपुर, बाँदा, आजमगढ़, अमेठी, बस्ती, देवरिया, अलीगढ़, बलिया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, बिजनौर, झाँसी, सीतापुर, महराजगंज इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

# आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र–61/2018 दिनांक 23.11.2018 द्वारा कच्छा बनियानधारी/घुमक्कड़ अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश;

2) डीजी–परिपत्र–60/2018 दिनांक 06.11.2018 द्वारा क्रिमिनल रिट याचिका संख्याः 29015/2018 एवं 29233/2018 भारती सिंह बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में मा. उच्च न्यायालय द्वारा अपराधों की त्वरित विवेचना सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में पारित आदेश दिनांक 11.10.2018 के अनुपालन हेतु निर्देश।

● पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने नवम्बर 2018 में समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/ एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. दिनांक 20.11.2018 : बारावफात हेतु निर्देश, शान्ति व्यवस्था हेतु जिला, रेन्ज व ज़ोन के अतिरिक्त 23 एएसपी, 55 डीएसपी, 20 निरीक्षक, 340 आरक्षी, 28 कम्पनी 02 प्लाटून पीएसी, 01 कम्पनी आर.ए.एफ. की ड्यूटी व 03 एसपी/एएसपी की 24 घण्टे मॉनीटरिंग ड्यूटी;

2. दिनांक 18.11.2018 : पेशेवर, घुमन्तू/कच्छा बनियानधारी अपराधियों द्वारा शहरों तथा कस्बों के बाहरी इलाकों में डकैती, हत्या तथा गैंग रेप जैसी जघन्य घटनाओं को रोकने हेतु निर्देश;

3. दिनांक 15.11.2018 : अपराध नियंत्रण हेतु वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा निर्देश;

4. दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं छठ पर्व हेतु समुचित पुलिस व्यवस्था के निर्देश;

5. दिनांक 06.11.2018 : दीपावली त्यौहार को हर्षोल्लास व सकुशल मनाने हेतु महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखने व मा. सर्वोच्च न्यायालय के पटाखों को जलाये जाने सम्बन्धी आदेशों के अनुपालन हेतु निर्देश;

6. दिनांक 05.11.2018 : धनतेरस पर सम्पूर्ण प्रदेश में भीड़–भाड़ वाले स्थानों जैसे बाजार/ मॉल/सर्राफा बाजार/बस स्टैण्ड/टैम्पो स्टैण्ड /रेलवे स्टेशन इत्यादि स्थानों पर तीन घण्टे पैदल गश्त के निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

● दिनांक 12.11.2018 : अपरान्ह 12.00 बजे से 14.00 बजे तक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की बैंक चेकिंग अभियान में 12,015 बैंक व बैंक के आस पास खड़े 3,767 दो/चार पहिया वाहन तथा 46,836 व्यक्ति चेक किये। 58 संदिग्धों के विरुद्ध 151 आईपीसी एवं 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की। 1,487 वाहन सीज़/चालान किये। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत शमनीय अपराधों में रू. 9,69,050 शमन शुल्क वसूला।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

● दिनांक 30.11.2018 : मथुरा का भ्रमण व समीक्षा बैठक की। पुलिस मॉर्डन स्कूल में कम्प्यूटर कक्ष व 200 जवानों हेतु नवनिर्मित बैरक का उद्घाटन किया। यातायात पुलिस कार्यशाला व जिम का निरीक्षण किया। एसएसपी, मथुरा, श्री बबलू कुमार को स्वर्ण प्रशंसा चिन्ह, एसपी, नगर, श्री श्रवण कुमार सिंह को रजत प्रशंसा चिन्ह व अक्टूबर के ''कॉप आफ द मन्थ'' 22 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कम्बल वितरित किये।









● दिनांक 28.11.2018 : मुजफ्फरनगर में नवनिर्मित अपराध शाखा कार्यालय का लोकार्पण किया।



● दिनांक 27.11.2018 : डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में परिवीक्षाधीन आईपीएस/पीपीएस अधिकारियों एवं रिक्रूट उपनिरीक्षकों को सम्बोधित किया। कालान्तर में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, निर्यातकों, मेडीकल एसोसिएशन के सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों, पुलिस पेंशनर्स, सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं अन्य के साथ जनसंवाद किया तथा बरेली ज़ोन की अपराध समीक्षा बैठक की।



● दिनांक 10.11.2018 : झाँसी मॉडल पुलिस थाना, झाँसी के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन/निरीक्षण किया।

## विविध

● दिनांक 29.11.2018 : मा. मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक उ.प्र. के निर्देशों के शत प्रतिशत अनुपालन हेतु श्री दीपक रतन, पुलिस महानिरीक्षक, यातायात ने लखनऊ के विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार हेतु कड़े निर्देश दिये।

● दिनांक 30.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में उ.प्र. डाक परिमण्डल द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेकर आयोजकों एवं खिलाड़ियों को बधाई दी।

● दिनांक 26.11.2018: दिनांक 26.11.2007 को स्थापित ए.टी.एस. की स्थापना के 11 वर्ष पूर्ण। ए.टी. एस. ने 27 आतंकी, आई.एस.आई. के 29 जासूस व 07 नक्सलियों की गिरफ्तारी सहित अन्य सराहनीय कार्य किये हैं। सम्भावित खतरों के दृष्टिगत तकनीकी विशेषज्ञता के अन्तर्गत स्पॉट, साइबर सुरक्षा और विश्लेषण तथा सोशल मीडिया लैब भी स्थापित की गयीं हैं।

● दिनांक 26.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने कुम्भ मेला 2019 में सुरक्षा व्यवस्था हेतु इज़राइल की सुरक्षा सेवा प्रदाता कम्पनी तथा मुख्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

● दिनांक 22.11.2018 : श्री पी.के. तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने 35वीं वाहिनी पीएसी में 67वीं उ.प्र. पुलिस वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता–2018 का समापन किया।

● दिनांक 25.11.2018 : उप निरीक्षक नागरिक पुलिस (महिला/पुरुष) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2016 के शेष अर्ह 80 अभ्यार्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षा लखनऊ में सम्पन्न हुई।

● दिनांक 19.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने अग्निशमन अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएफओ के अधिकार/कर्तव्य व अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रक्रिया को देखा व रिक्तियाँ भरने/पदोन्नति हेतु निर्देशित किया।

● दिनांक 16.11.2018 : आरक्षी(नागरिक पुलिस) के 31,360 एवं आरक्षी(पीएसी) के 18,208 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी।

● दिनांक 16.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने यूपी 100 सभागार में पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, प्रशिक्षण, 1090, पुलिस मुख्यालय, तकनीकी सेवायें, रेलवेज़, ए.टी.एस., एस.टी.एफ., मानवाधिकार प्रकोष्ठ, रूल्स व मैनुअल्स, विशेष जाँच के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक/विभागीय समीक्षा की। पुलिस उपाधीक्षकों के लम्बित एसीआर पूर्ण कराकर दिसम्बर 2018 के प्रथम सप्ताह तक पदोन्नतियाँ कराने, न्यू पेंशन स्कीम के अन्तर्गत PRAN (Permanent Retirement Account Number) आवंटन व डीएनए लैब हेतु त्वरित क्रय के निर्देश दिये।

● दिनांक 15.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने उ.प्र. कारागार मुख्यालय में जेल अधीक्षकों के साथ बैठक में सही अभिलेखीकरण, जैमर प्रणाली को प्रस्थापित करने, जमानत/पैरोल पर छूटे सजायावी अपराधियों का डेटा बेस तैयार करने, जेल में सुरक्षा प्राविधान, सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखने, कुख्यात अपराधी वाली जेलों में विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने, जिला कारागारों का प्रत्येक महीने निरीक्षण व सुरक्षा व्यवस्था का ऑडिट कराने इत्यादि निर्देश दिये।

● दिनांक 14.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने थाना बंथरा क्षेत्र में राज्य आपदा मोचन की बटालियन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा बाल दिवस पर पुलिस मॉर्डन स्कूल, पुलिस लाइन्स/गोमतीनगर के 04 मेधावियों को हाई स्कूल/इण्टरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत कर शुभकामनाएँ दीं।



● दिनांक 13.11.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने दिनांक 12.02.2019 से 16.02.2019 तक लखनऊ में प्रस्तावित 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट की तैयारियों हेतु बैठक की।

निर्देशन : श्री संजीव गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिदेशक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री विवेक त्रिपाठी, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500